# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक :– 206 दिनांक :– 01/08/2023

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
वन, पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन विभाग,
झारखण्ड सरकार राँची।

विषय :– **मेसर्स गेल इण्डिया लिमिटेड का Tie-in Connectivity of ONGC Bokaro CBM Field into JHBDPL Network of GAIL परियोजना हेतु कुल 8.3618 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :–
1. विभागीय पत्रांक 523 दिनांक 14.02.2023.
2. क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो का पत्रांक 447 दिनांक 01.03.2023.
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 269 दिनांक 01.03.2023.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि इस कार्यालय के पत्रांक 72 दिनांक 24.01.2023 द्वारा प्रस्ताव राज्य सरकार को अग्रसारीत किया गया था। उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के आलोक में राज्य सरकार द्वारा 2 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन/मंतव्य उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। विभागीय पत्र के क्रम में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो के पत्रांक 447 दिनांक 01.03.2023 द्वारा प्रतिवेदन समर्पित किया गया है (छायाप्रति संलग्न)। प्राप्त प्रतिवेदनानुसार स्थिति निम्नवत् प्रतिवेदित है :–

| क्र0 सं0 | पृच्छा | अनुपालन |
|---|---|---|
| 1 | FRA के तहत् निर्गत संबंधित उपायुक्त द्वारा प्रमाण–पत्र (इस क्रम में हुई बैठकों की कार्यवाही के साथ) | उपायुक्त, बोकारा के ज्ञापांक 297 दिनांक 24.02.2023 द्वारा परियोजना में सन्निहित कुल 8.3618 हे0 वनभूमि का वनाधिकार अधिनियम (FRA) 2006 के तहत् प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र मे निर्गत किया गया है (छायाप्रति संलग्न)। ग्राम सभा की कार्यवाही से सबंधित प्रतिवेदन संलग्न कर समर्पित किया जा रहा है। |
| 2 | CWLW, झारखण्ड का मंतव्य। | प्रस्तावित पाईपलाईन बिछाने संबंधी कार्यों एवं वृक्षों पातन के फलस्वरूप परियोजना क्षेत्र के Avi-Fauna, Reptiles एवं Herbivores के आवासन एवं आवागमन तात्कालिक तौर पर बाधित होंगे। इसके प्रभाव को कम करने हेतु Site Specific Wildlife Management Plan की आवश्यकता होगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, (CWLW) झारखण्ड के पत्रांक 269 दिनांक 01.03.2023 द्वारा समर्पित प्रतिवेदन/मंतव्य की प्रति संलग्न कर समर्पित की जा रही है। |

अनुरोध है कि प्रस्ताव पर अग्रत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–
प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक ............... दिनांक ..................

**प्रतिलिपि** :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, राँची को उनके प्रासंगिक पत्र–3 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक 206 दिनांक 01/03/2023

**प्रतिलिपि** :– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो / वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो / वन प्रमंडल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमंडल, बोकारो / वरीय प्रबंधक (निर्माण), मेसर्स गेल (इंडिया) लि0, 5वाँ तल, पूर्वी ब्लॉक, मेकॉन प्रधान कार्यालय परिसर, डोरण्डा, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

01.03.2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

F/C 01/03/2023